राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तराखंड
28वीं बैठक - दिनांक : 06 मार्च, 2009 का कार्य बिंदु

कार्य बिंदु संख्या - 1

अध्यक्ष महोदय ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में विविधिकरण एवं परिवहन संचालकों के अलावा अन्य क्रियाकलापों हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर अधिक से अधिक संख्या में आवेदन पत्र बैंकों को भिजवाने की व्यवस्था करने को कहा।

(कार्रवाई - पर्यटन विभाग)

कार्य बिंदु संख्या - 2

अध्यक्ष महोदय ने रुडसेटी जैसी संस्था पौड़ी, पिथौरागढ़ एवं उधम सिंह नगर में प्रारम्भ करने हेतु वहाँ स्थित विस्तार प्रशिक्षण केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं तुरंत उपलब्ध करवाने को कहा।

(कार्रवाई - ग्राम्य विकास विभाग/ संबंधित बैंक)

कार्य बिंदु संख्या - 3

क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ ने अनुरोध किया कि रुडसेटी जैसी संस्थाओं में प्रशिक्षण में विविधिता तथा पूर्ण पाठ्यक्रम को निर्धारित करने हेतु संबंधित बैंक एवं नाबार्ड मिलकर आवश्यक कार्रवाई करें।

(कार्रवाई - नाबार्ड एवं संबंधित बैंक)

कार्य बिंदु संख्या - 4

प्रमुख सचिव (वित्त) ने निर्देशित किया कि राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न ऋण योजनाओं पर विस्तृत चर्चा जिला स्तर ऋण समितियों में की जाए ताकि इन योजनाओं में अपवादों एवं गतिरोधों का निवारण हो सके। उप-समितियों को जिला स्तर पर पूर्ण सक्रिय किया जाए।

(कार्रवाई - समस्त अग्रणी बैंक अधिकारी/ संबंधित विभाग)

कार्य बिंदु संख्या - 5

मुख्य सचिव ने वाणिज्यिक बैंकों की तिजोरी शाखाओं की सुरक्षा हेतु राज्य सशक्त पुलिस कर्मियों को चरणबद्ध रुप में नियुक्त करने हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी करने हेतु कहा।

(कार्रवाई - संबंधित विभाग, राज्य सरकार)

कार्य बिंदु संख्या - 6

मुख्य सचिव ने नई टिहरी जिले में विस्थापित परिवारों को भूमि के आवंटन के स्वात्वाधिकार प्रलेख (Title Deed) देने हेतु आवश्यक कदम उठाने को कहा।

(कार्रवाई - संबंधित विभाग, राज्य सरकार)

कार्य बिंदु सख्या - 7

मुख्य सचिव ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ''बैंकिंग आउटारीच इन उत्तराखंड'' अध्ययन में दर्शाए गए बिंदुओं को बैंकों एवं शासन द्वारा प्रभावी तरीके से लागू करने का आह्वान किया।

(कार्रवाई - राज्य सरकार / समस्त बैंक)

कार्य बिंदु संख्या - 8

महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, देहरादून द्वारा वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के ऋण खातों में बढ़ती हुई गैर निष्पादित अस्तियों के कारण योजना में ऋण वापसी की अवधि को बढ़ाने हेतु तथा सब्सिडी को यथासमय बैंकों को भिजवाने हेतु कहा गया।

(कार्रवाई - पर्यटन विभाग / समस्त बैंक)

कार्य बिंदु सख्या - 9

समाज कल्याण विभाग द्वारा आग्रह किया गया कि ''स्वच्छकार पुनर्वास योजना'' के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का निस्तारण दिनांक 31.03.2009 से पहले कर उन्हें सूचित करें।

(कार्रवाई - समस्त बैंक)

कार्य बिंदु संख्या - 10

राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना में सभी अधिसूचित फसलों का बीमा प्रीमियम सभी बैंकों द्वारा किसानों से वसूल किया जाए जिससे दुर्गम परिस्थितियों में फसल बीमा का लाभ किसानों को प्राप्त हो सके।

(कार्रवाई - समस्त बैंक)

कार्य बिंदु संख्या - 11

स्वर्ण जयंती शहरी स्वरोजगार योजना के अगले वर्ष में पुनरीक्षण होने के कारण सभी बैंकों से कहा गया कि इस योजना के अंतर्गत सभी आवेदन पत्रों का निस्तारण दिनांक 31.03.2009 तक सुनिश्चित किया जाए।

(कार्रवाई - समस्त बैंक)

कार्य बिंदु संख्या - 12

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तराखंड के आँकड़ों के मिलान हेतु सभी बैंकों तथा अग्रणी जिला प्रबंधकों से अनुरोध किया गया कि मार्च, 2009 के आँकड़ों का विवरण राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को दिनांक 15 अप्रैल, 2009 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(कार्रवाई - समस्त बैंक / समस्त अग्रणी जिला प्रबंधक)

****